
OSD(ML)

दिनांक–07.09.2026, अपराह्न 3.00 बजे सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी विभागों के नोडल पदाधिकारियों की मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा संचालित संकल्प डैशबोर्ड के उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण की कार्यवाही।



उपस्थिति – पंजी के अनुसार।

सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना के द्वारा उपस्थित नोडल पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया गया कि यह बैठक संकल्प डैशबोर्ड से संबंधित उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण हेतु आयोजित की गयी है। समी नोडल पदाधिकारियों से आग्रह किया गया कि :–

2. संकल्प डैशबोर्ड के C.M. Review Meeting, C.M. Anouncement, Cabinet Decisions, E-Bihar Infrastructure बिहार गति Flagship/Green field Project से संबंधित परियोजनाओं/घोषणाओं की अद्यतन जानकारी/अनुपालन प्रतिवेदन उक्त पोर्टल पर प्रविष्टि किया जाना है, जिसकी समीक्षा मुख्यमंत्री सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ–साथ माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जा रही है।

3. संकल्प डैशबोर्ड हेतु नोडल पदाधिकारी ऐसे पदाधिकारी को बनाया जाए जो वरीय होने के साथ विभाग के स्कीम/योजनाओं से अच्छे से अवगत हों।

4. सभी विभागों में संकल्प डैशबोर्ड के अनुश्रवण हेतु एक कोषांग का गठन किया जाय, उक्त नोडल पदाधिकारी जिसके प्रभारी हो। इस कोषांग से वैसे पदाधिकारी एवं कर्मियों को सम्बद्ध किया जाय जिनकों विभागीय कार्य के साथ–साथ तकनीकी जानकारी भी हो।

5. सचिव महोदय के निदेश पर मुख्यमंत्री सचिवालय के आई0टी0 मैनेजर द्वारा संकल्प डैशबोर्ड पोर्टल के विभिन्न मोड्यूल पर प्रतिवेदन अपलोड करने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया।

6. संकल्प डैशबोर्ड के अन्तर्गत Core Hon'ble C.M. Monitoring के तहत Review Meeting, Anouncement, Cabinet Decision, VIP Letter पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। VIP Letters पर विभागों द्वारा की गयी कार्रवाई/प्रतिवेदन को नोडल पदाधिकारी एक सप्ताह के अन्दर अद्यतन करना सुनिश्चित करेंगे।

7. सचिव महोदय द्वारा Co-ordination & Escalation Module के अन्तर्गत समन्वय पोर्टल के तहत राज्य के विभिन्न विभागों और केन्द्र सरकार के मंत्रालयों से जुड़े सभी प्रकार के स्कीम/investment विवरण को अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

8. संकल्प डैशबोर्ड पर अद्यतन, गुणवत्तापूर्ण, त्रुटिरहित, प्रविष्टियों की जिम्मेदारी संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारी की होगी।

9. सचिव महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि नोडल पदाधिकारी परियोजनाओं/रिपोर्ट/डाटा/कार्यवाही की जानकारी अद्यतन करते समय यह ध्यान देंगे कि उनके द्वारा दी गयी जानकारी स्पष्ट एवं समेकित हो तथा अनावश्यक पत्रों/प्रतिवेदन को अपलोड/इंट्री न करें।

10. विभाग द्वारा समीक्षा बैठकों की कार्यवाही प्रतिवेदन बैठक संपन्न होने के दो दिवस के अन्दर मुख्यमंत्री सचिवालय में उपलब्ध करानें का निदेश दिया गया।

इस प्रतिवेदन को मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा संकल्प डैशबोर्ड पर अपलोड किया जायेगा एवं कार्यवाही प्रतिवेदन में उल्लिखित निदेशों का अनुपालन संबंधित विभाग द्वारा संकल्प डैशबोर्ड पर अपलोड किया जायेगा।

11. उपस्थित नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षण में बताये गये निदेशों के अनुसार संकल्प डैशबोर्ड के सभी मोड्यूल में प्रविष्टि अद्यतन करने हेतु एक सप्ताह का समय दिया गया। एक सप्ताह के उपरान्त उन प्रविष्टियों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री सचिवालय में संकल्प डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।

अंत में संकल्प डैशबोर्ड के उन्नुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सह-संवाद समाप्त की गयी।

ह0/-
(अभिषेक श्रीवास्तव)
उप सचिव
मुख्यमंत्री सचिवालय, पटना।

ज्ञापांक-रा0 शा0 (विविध)-19/2017-2610-8475 /मु0म0स0, पटना, दिनांक 12.10.26

प्रतिलिपि-अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, सभी विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। ह0/-

12.10.26
(अभिषेक श्रीवास्तव)
उप सचिव
मुख्यमंत्री सचिवालय, पटना।

बिहार सरकार
उद्योग विभाग

ज्ञापांकः- 5880 पटना, दिनांकः- 30/10/26
3(स0)/उ0स्था0(विविध नोडल पदा0)08/2025

प्रतिलिपिः-उद्योग निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक, एम0एस0एम0ई0 निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, बिहार, पटना/सभी अपर सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/श्री राकेश कुमार, नेटवर्क सपोर्ट इंजीनियर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/श्री रितुराज, परामर्शी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(अविनाश कुमार)
सरकार के उप सचिव।

D:\Secure\ Ritu\ Ritu\ Ritu